प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा– दोषियों को मिलना चाहिए कठोर दंड।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया अकादमी के नवीन परिसर का किया लोकार्पण : कहा– उत्तर प्रदेश को विकसित भारत की आधारशिला बनाएं प्रशासनिक अधिकारी।
3. मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया आम महोत्सव–2026 का उद्घाटन : प्रदेश को विश्व की सर्वश्रेष्ठ मैंगो वैल्यू चेन बनाने पर दिया बल। और
4. बीते 24 घंटों में प्रदेश के कई जनपदों में हुई भारी बारिश : मौसम विभाग ने कल हल्की वर्षा और बिजली गिरने का यलो अलर्ट किया जारी।

––––––––––

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में हुई अनियमितता की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जाँच दल का गठन कर क़ानूनी प्रक्रिया शुरू की है। जाँच में जो भी दोषी पाए जाएँगे उन्हें कठोर दंड हो यह सुनिश्चित करना आवश्यक

है। उन्होंने कहा कि न्यास से उम्मीद है कि वह व्यवस्था और संचालन की सभी कमियों को दूर करने के लिये प्रभावी कदम उठाए। बाइट.....

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित संपूर्ण हिंदू समाज की न्यास से स्वाभाविक अपेक्षा है कि इस घोर निंदनीय घटना को असाधारण मानकर गंभीरता से व्यवस्था एवं संचालन की सभी कमियों को दूर करने हेतु परिणामकारक कदम उठाएं ताकि अयोध्या मंदिर पर करोड़ों रामभक्तों की आस्था व श्रद्धा अखंड एवं अटूट बनी रहे।*

वहीं इस मामले में गिरफ्तार आठ आरोपियों में से एक अविनाश शुक्ला को पुलिस ने आज रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ के आधार पर पुलिस उसे लेकर कौशलपुरी कॉलोनी स्थित योग आश्रम गई, जहां वह कुछ समय के लिए अपने भाई के साथ रहता था। पुलिस की टीम ने आश्रम की तलाशी ली। भ्रष्टाचार अधिनियम कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने कल अविनाश शुक्ला की 24 घंटे की पुलिस कस्टडी की रिमांड को मंजूरी दी थी।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 464 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन और प्रबंधन अकादमी के नवीन परिसर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन में नवाचार और उत्कृष्टता का भाव होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर

जनहितकारी नीतियां बनाई गई हैं। उन्हें ज़मीनी स्तर पर लागू करना प्रशासन का काम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येकअधिकारी और कर्मचारी राष्ट्रहित की भावना से काम करेगा तो विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की आधारशिला ज़रूर बनेगा। बाइट.....

*संवेदनशील प्रशासन को प्रोत्साहित करना होगा। विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की आधारशिला बने। यह जज्बा हम सबके लिए हमारे मन में हो यह पंच संकल्प जब हम लेकर के चलेंगे परिणाम आएंगे। याद रखना विकसित भारत की आधारशिला यूपी तब बनेगा जब यूपी का हर गांव यूपी का हर कस्बा हर वार्ड आत्मनिर्भर बनेगा विकसित बनेगा और उस संकल्प को पूरा करने के लिए हमें अपने आप को तैयार करना होगा।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आम महोत्सव–2026 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रगतिशील बागवानों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आम महोत्सव उत्तर प्रदेश के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश के अन्नदाता किसानों को 800 प्रजातियों के आम प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ब्रांडिंग, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग के साथ ही ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन पर भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि उत्तर प्रदेश विश्व के सर्वश्रेष्ठ मैंगो वैल्यू चेन का केंद्र बने। बाइट.....

*हमारा प्रयास होना चाहिए कि उत्तर प्रदेश को हम विश्व के सर्वश्रेष्ठ मैंगो वैल्यू चौन का केंद्र बनाएं। इसके लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करना होगा। जहां पर इससे संबंधित रिसर्च भी हो, यहां पर आम की नई पौध को उत्पादन करने की तकनीक भी हमारे पास होनी चाहिए। ड्रोन और ईआई बेस्ड फार्मिंग को हम कैसे आगे बढ़ा सकते हैं? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कैसे हो सकता है? इसके बारे में काम करने की आवश्यकता है।*

——————————

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौधरी को आज सुबह दिल का दौरा पड़ने पर लखनऊ के डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। इससे पहले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल चाल लिया। उन्होंने श्री चौधरी का उपचार कर रहे डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा– यूपीटीईटी की आज दूसरे दिन की परीक्षा आज शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की एआई कैमरों से निगरानी की गई। एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश के 60 जनपदों के 955 परीक्षा केंद्रों पर तीन दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा के पहले दिन, कल दोनों पालियों में पंजीकृत 8 लाख 7 हज़ार 636 परीक्षार्थियों में से 84 दशमलव सात छह प्रतिशत अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय यूपीटीईटी परीक्षा के अंतिम दिन कल एक पाली में परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूचनाओं को ही प्रामाणिक मानें। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

अटल पेंशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बैंकों, बैंक कर्मियों और बैंक मित्रों को आज लखनऊ में सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तर प्रदेश और पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में पी.एफ.आर.डी.ए. के महाप्रबंधक प्रवेश कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग अटल पेंशन योजना से जुड़े

हैं। उन्होंने बैंकों से इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रचार–प्रसार कर इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बाइट....

*यूपी का एपीवाई स्कीम में काफी बड़ा योगदान रहा है। अभी तक यूपी में 1 करोड़ 47 लाख लोग जुड़ चुके हैं। अगर हम पूरे देश भर की बात करें तो 9 करोड़ 25 लाख से ज्यादा लोग इस एपीवाई स्कीम में जुड़ सके हैं। तो इस परसेंटेज से आप देख सकते हैं कि यूपी का काफी बड़ा योगदान है। क्योंकि एक यूपी बड़ा स्टेट है पॉपुलेशन वाइज तो यहां पर कवरेज काफी अच्छी रहती है और इस साल हम आशा कर रहे हैं कि जितने भी कीर्तमान अभी तक हमने यूपी में स्थापित किए हैं, उस सबको तोड़ते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस स्कीम में जोड़ पाएंगे।*

———————————

यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ने आधार ऐप के ज़रिए आधार में मुफ़्त ईमेल अपडेट की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा एक जुलाई से छह महीने की अवधि के लिए लागू है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि आधार को ईमेल से जोड़ने पर, जब भी आधार प्रमाणीकरण की कोई रिक्वेस्ट पूरी होती है, तो रियल–टाइम ईमेल नोटिफ़िकेशन मिलता है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस पहल से पारदर्शिता बढ़ती है और स्,रक्षा का एक अतिरिक्त स्तर मिलता है।

———————————

एटा के बागवाला थाना क्षेत्र में आज तड़के एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। हादसा कीलर माऊ गांव के पास उस समय

हुआ, जब सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस में पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के बाहर खड़े यात्री इसकी चपेट में आगए।

———————————

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मानसून सामान्य रहा। प्रदेश के कई जनपदों में भारी से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कल राज्य के पूर्वी जनपदों में हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान जताया है। वहीं पश्चिमी जनपदों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और कहीं कहीं बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि भी हो सकती है।

(समाप्त)